# ECONOMICS AND STATISTICS REVIEW UTTAR PRADESH

## (Quarterly News Letter)

**Volume-IX January to March 2019 No.4**

**In This Issue:**

- **Highlights of Activities**
- **Highlights of Reports**
- **Training/Seminar**
- **Personnel**
- **Current Statistics**
- **Photo Section**
- **Statistics/Reports/Publications on The Departmental Website**

**EDITORIAL BOARD**

**PATRON**
**Additional Cheif Secretary,Planning,Govt. of UP**

**CHIEF EDITOR**
**Director,DES,UP.**

**Members**
**Dr. Divya Sarin Mehrotra, Joint Director**
**Smt. Malovika Ghoshal, Joint Director**
**Sri Vinod kumar ,Dy Director**
**Smt. Rashmi, Dy Director**
**Smt. Shalu Goyal, Dy Director**
**Sri Arun Kumar Gupta, E.St. Officer**
**Sri Ajay Kumar Srivastava, Addl. St. O.**
**Sri Rakesh Kumar, Addl. St. O.**



## सन्देश

अर्थ एवं संख्या प्रभाग स्तर पर सम्पादित हो रहे सांख्यिकीय कार्यों का एक समावेशित निरूपण करने हेतु प्रत्येक त्रैमास में न्यूज लेटर प्रकाशित किये जाने की श्रृंखला में त्रैमासान्त जनवरी–मार्च 2019 का अंक प्रस्तुत है, जिसके प्रकाशित होने पर मुझे अत्यन्त हर्ष प्रतीत हो रहा है।

प्रस्तुत अंक में राज्य आय, उ0प्र0 में सकल स्थायी पूँजी के निर्माण, आय–व्यय का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण तथा प्रदेश के आर्थिक सामाजिक कार्य–कलापों का विश्लेषण कर तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की गयी है। इसके साथ उ0प्र0 में घरेलू पर्यटन पर व्यय की रिपोर्ट भी प्रस्तुत है। उ0प्र0 के विभिन्न प्रकार के भाव व दर सूचकांकों का गत त्रैमास से तुलनात्मक विवरण दिया गया है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक सांख्यिकी के अन्तर्गत मासिक सूचकांकों का सेक्टरवार व उपभोग के आधार पर विवरण दिया गया है।

इस न्यूजलेटर को संरचित करने हेतु प्रभाग के समस्त अनुभागों के अधिकारियों एवं सहायकों का अपेक्षित सहयोग सराहनीय है। साथ ही इन त्रैमासिक प्रकाशनों को और अधिक सूचनापरक व उपयोगी बनाने हेतु मैं आपके बहुमूल्य सुझावों/परामर्श का स्वागत करता हूँ।

**(अरविन्द कुमार पाण्डेय)**
**निदेशक, अर्थ एवं संख्या**
**उत्तर प्रदेश।**

# ✓HIGHLIGHTS OF ACTIVITIES


## 1-PRICE AND WAGES INDICES

✪**उत्तर प्रदेश के थोक भाव सूचकांक** (आधार वर्ष 2011-12=100में सामान्य सूचकांक में माह सितम्बर 2018 की तुलना में माह अक्टूबर 2018 में 0.26 प्रतिशत वृद्धि, माह नवम्बर 2018 में माह अक्टूबर 2018 की तुलना में 0.07 प्रतिशत ह्रास तथा माह दिसम्बर 2018 में माह नवम्बर 2018 की तुलना में 0.31 प्रतिशत ह्रास परिलक्षित हुआ।

| थोक भाव सूचकांक | | | | |
|---|---|---|---|---|
| माह | सामान्य | प्राथमिक वस्तुएं | ईधन,शक्ति आदि | विर्निमित उत्पाद |
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| सितम्बर 18 | 146.14 | 174.70 | 179.67 | 136.45 |
| अक्टूबर 18 | 146.52 | 174.46 | 180.34 | 136.98 |
| नवम्बर 18 | 146.41 | 174.21 | 180.45 | 136.90 |
| दिसम्बर 18 | 145.95 | 171.56 | 179.09 | 137.08 |

इसी प्रकार त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2018 का औसत सूचकांक गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2018 के औसत सूचकांक की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2017 के औसत सूचकांक की तुलना में 1.7 प्रतिशत अधिक रहा।

उत्तर प्रदेश में प्रमुख वर्गवार थोक भाव के त्रैमासिक सूचकांक का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:–





✪**उत्तर प्रदेश के ग्रामीण उपभोक्ता भाव सूचकांक** (आधार वर्ष 2011-12=100) में सामान्य का सूचकांक माह सितम्बर 2018 की तुलना में माह अक्टूबर 2018 में 0.21 प्रतिशत ह्रास, माह नवम्बर 2018 में माह अक्टूबर 2018 की तुलना में 0.16 प्रतिशत वृद्धि तथा माह दिसम्बर 2018 में माह नवम्बर 2018 की तुलना में 0.97 प्रतिशत ह्रास परिलक्षित हुआ।

| ग्रामीण उपभोक्ता भाव सूचकांक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| माह | सामान्य | खाद्य, पेय, द्रव्य और तम्बाकू | ईधन व प्रकाश | आवास | वस्त्र बिस्तर व जूते | विविध |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| सितम्बर 18 | 163.43 | 162.70 | 189.21 | 194.85 | 164.62 | 152.28 |
| अक्टूबर 18 | 163.09 | 162.69 | 189.46 | 195.88 | 164.67 | 150.75 |
| नवम्बर 18 | 163.35 | 163.58 | 191.84 | 197.35 | 166.37 | 148.13 |
| दिसम्बर 18 | 161.77 | 160.00 | 192.59 | 198.18 | 166.53 | 149.52 |

इसी प्रकार त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2018 का औसत सूचकांक गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2018 के औसत सूचकांक की तुलना में 0.13 प्रतिशत कम तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2017 के औसत सूचकांक की तुलना में 5.33 प्रतिशत अधिक रहा।

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण उपभोक्ता भाव त्रैमासिक सूचकांक के प्रमुख वर्गवार वर्गों का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:–




**✪उत्तर प्रदेश के नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक** (आधार वर्ष 2011-12=100) में सामान्य का सूचकांक माह सितम्बर 2018 की तुलना में माह अक्टूबर 2018 में 0.64 प्रतिशत ह्रास, माह नवम्बर 2018 में माह अक्टूबर 2018 की तुलना में 0.67ः वृद्धि तथा माह दिसम्बर 2018 में माह नवम्बर 2018 की तुलना में 0.84 प्रतिशत ह्रास परिलक्षित हुआ ।

| नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| माह | सामान्य | खाद्य, पेय, द्रव्य और तम्बाकू | ईधन व प्रकाश | आवास | वस्त्र बिस्तर व जूते | विविध |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| सितम्बर 18 | 155.72 | 154.01 | 194.64 | 176.06 | 154.51 | 143.45 |
| अक्टूबर 18 | 154.72 | 152.59 | 196.83 | 176.51 | 156.36 | 141.21 |
| नवम्बर 18 | 155.75 | 153.72 | 198.75 | 176.94 | 156.70 | 142.03 |
| दिसम्बर 18 | 154.44 | 151.06 | 197.90 | 177.60 | 156.96 | 141.86 |

इसी प्रकार त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2018 का औसत सूचकांक गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2018 के औसत सूचकांक की तुलना में 0.11 प्रतिशत कम तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2017 के औसत सूचकांक की तुलना में 5.73 प्रतिशत अधिक रहा।

उत्तर प्रदेश में प्रमुख वर्गवार नगरीय उपभोक्ता भाव त्रैमासिक सूचकांक का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैंः–





**✪उत्तर प्रदेश का ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक** के अन्तर्गत (आधार वर्ष 2011.12त्र100) में माह सितम्बर 2018 की तुलना में माह अक्टूबर 2018 में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः (–)0.19, 0.07 व 0.26 प्रतिशत अंतर, नवम्बर 2018 में अक्टूबर 2018 की तुलना में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.15, 0.91 व 0.61 प्रतिशत अंतर तथा दिसम्बर 2018 में नवम्बर 2018 की तुलना में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.22, 0. 11 व 0.60 प्रतिशत अंतर रहा।

| ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक | | | |
|---|---|---|---|
| माह | बढ़ई | राज | कृषि श्रमिक |
| | 1 | 2 | 3 |
| सितम्बर 18 | 185.25 | 176.89 | 189.83 |
| अक्टूबर 18 | 184.90 | 177.01 | 190.32 |
| नवम्बर 18 | 185.18 | 178.62 | 191.48 |
| दिसम्बर 18 | 185.59 | 178.82 | 192.62 |

इसी प्रकार त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2018 में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का औसत सूचकांक गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2018 की तुलना में क्रमशः 1.29, 1.37 व 1.86 प्रतिशत अधिक तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2017 की तुलना में 7.19, 6.20 व 9.47 प्रतिशत अधिक रहा।

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण मजदूरी दर त्रैमासिक सूचकांक के विभिन्न वर्गों का ग्राफ निम्नवत हैंः–




0.43 प्रतिशत अंतर, नवम्बर 2018 में अक्टूबर 2018 की तुलना में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक का मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.52, 0.45 व 0.65 प्रतिशत अंतर तथा दिसम्बर 2018 में नवम्बर 2018 की तुलना में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक का मजदूरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.51, 0.07 व 0.54 प्रतिशत अंतर रहा।

| नगरीय मजदूरी दर सूचकांक | | | |
|---|---|---|---|
| माह | बढ़ई | राज | अकुशल श्रमिक |
| | 1 | 2 | 3 |
| सितम्बर 18 | 172.47 | 168.75 | 176.28 |
| अक्टूबर 18 | 173.26 | 169.62 | 177.18 |
| नवम्बर 18 | 173.71 | 170.39 | 177.31 |
| दिसम्बर 18 | 174.45 | 171.49 | 178.27 |

इस प्रकार त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2018 में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक का औसत सूचकांक गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2018 की तुलना में क्रमशः 1.48, 1.82 व 1.30 प्रतिशत अधिक तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर2017 की तुलना में 5.96, 3.75 व 2.81 प्रतिशत अधिक रहा।


उत्तर प्रदेश के नगरीय मजदूरी दर त्रैमासिक सूचकांक के विभिन्न वर्गों का ग्राफ निम्नवत हैः–




### ✪उत्तर प्रदेश का कृषीय क्रय–विक्रय समता सूचकांक

उत्तर प्रदेश का कृषीय क्रय–विक्रय समता सूचकॉक गत वर्ष 2016–17(आधार कृषि वर्ष 2011–12=100) की तुलना में वर्ष 2017–18(आधार कृषि वर्ष 2011–12=100) के सूचकॉक में 1.21 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।

| कृषीय क्रय–विक्रय समता सूचकांक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषि वर्ष | कृषकों द्वारा प्राप्त मूल्य(भाव) सूचकांक | कृषकों द्वारा भुगतान किये गये मूल्य का सूचकांक | घरेलू उपभोक्ता भाव सूचकांक | कृषि उद्यम व्यय का सूचकांक | कृषि क्रय विक्रय समता सूचकांक |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| कृषि वर्ष 2016–17(अनन्तिम) (आधार कृषि वर्ष 2011–12=100) | 161.59 | 146.52 | 149.70 | 139.73 | 110.29 |
| कृषि वर्ष 2017–18(अनन्तिम) (आधार कृषि वर्ष 2011–12=100) | 170.27 | 152.53 | 156.34 | 144.43 | 111.63 |




### ✪राज्य आय

राज्य आय से सम्बन्धित सूचना को आगे Highlights of Reports में दर्शाया गया है।

## 2–औद्योगिक सांख्यिकी

### ✪Industrial Index of Production

The monthly Index of Industrial Production for the month of Oct' 2018 (P), Nov'2018(P)Dec' 2018(P) , Jan'2019(Q)and Quarterly Index for the Quarter December2018(P) of financial year 2018-19 are prepared at base year 2011-12 in this period. The monthwise/Quarterly sectoral Index,general Index and Use-based

categorywise Index from month Oct' 2018(P) to Jan'2019(Q) and Quarter Dec'2018(P) are given in the following tables:-

**Table-1: Quarterly/Monthwise Sectoral Index and General Index**

**BaseYear 2011-12=100**

| Monthly | Mining | Electricity | Manufacturing | General Index |
|---|---|---|---|---|
| Oct’2018(P) | 142.47 | 144.93 | 122.54 | 126.51 |
| Nov'2018(P) | 140.13 | 122.56 | 117.75 | 120.76 |
| Dec’2018(P) | 166.77 | 123.12 | 134.39 | 137.43 |
| Jan’2018Q) | 165.41 | 123.05 | 137.99 | 140.18 |
| Quarter December’2018(P) | 149.79 | 130.20 | 124.89 | 128.23 |
| Annual Index | 115.74 | 132.54 | 117.15 | 118.08 |

**Table-2: Use based categorywise Index**


**BaseYear 2011-12=100**

| Monthly | Primary Goods | Capital Goods | Infrastructure /Construction Goods | Intermediate Goods | Total Consumer Goods | Consumer Durable Goods | Consumer Non Durable Goods | General Index |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Oct’2018(P) | 137.52 | 184.88 | 127.36 | 149.04 | 98.61 | 95.14 | 100.99 | 126.51 |
| Nov'2018(P) | 128.53 | 172.51 | 111.58 | 134.99 | 101.04 | 78.81 | 116.28 | 120.76 |
| Dec’2018(P) | 143.27 | 146.40 | 122.43 | 154.69 | 126.12 | 101.27 | 143.15 | 137.43 |
| Jan’2018Q) | 139.90 | 223.36 | 124.92 | 153.32 | 121.79 | 95.28 | 139.96 | 140.18 |
| Quarter December’2018(P) | 136.44 | 167.93 | 120.46 | 146.24 | 108.59 | 91.74 | 120.14 | 128.23 |
| Annual Index (2017-18) | 118.04 | 191.33 | 98.29 | 134.24 | 100.56 | 94.11 | 104.98 | 118.08 |


The general Index of month Oct’2018 (P), Nov’2018 (P),Dec’2018(P),Jan2019(Q) is showing an increaseof12.96%,3.28%,3.18% and 8.14% respectively from corresponding month of the previous year i.e.Oct'2017(F), Nov’2017(F),Dec’2017(F) & Jan’2018(F).The general Index of month Oct’2018 (P), Dec’2018(P), Jan2019(Q) increased by 7.30%,13.80%&2.00%as compared to the corresponding previous month i.e Sep’2018(P), Nov’2018(P), Dec'2018(P) and the general Index of month Nov2018(Q) decreasedby 4.55% as compared to the corresponding previous month i.e Oct’2018 (P). The general Index of Quarter Dec'2018(P)is showing an increase of 7.55% from Quarter Sep'2018(P).

*The Quarterly and Annual Index of Industrial Production for the financial year 2017-18 are also prepared at base year 2011-12 monthly index of IIP (Sectoral & Index) of the above period is shown in the graph as below-

**Monthly trend of IIP sectoral Index**





**Monthly trend of IIP Use based categorywise Index**





Besids these,Base year of Agriculture volume & value Index has been changed from 2004-05 to base year 2011-12. For new base year 2011-12 weighted diagram and item basket are prepared and finalized. For preparing Agriculture volume& value Index 60 items have been selected.

The Annual Agriculture volume & value Index for agriculture year 2015-16(F), 2016-17 (P) , 2017-18 (Q)on base year 2011-12 have been prepared during the period. In Agriculture volume & value Index for agriculture year 2015-16(F), 2016-17(P) and 2017-18 (Q) The Annual Agriculture volume Index is estimated 104.82, 115.01 &128.08 and Annual Agriculture value Index is estimated 140.96, 155.91 & 177.59 respectively. The Agriculture volume Index of 2016-17 (P)showed increase of 9.72% from previous Agriculture year 2015-16(F) & the Agriculture volume Index 2017-18(Q) increased by11.36%from previous Agriculture year 2016-17(P).The Agriculture value Index of 2016-17(P) showed an increase of 10.61% from previous agriculture year 2015-16(F) & The agriculture value Index of 2017-18 (Q) is increased by 13.91% from agriculture year 2016-17(P).




The Annual Agriculture volume & value Index for agriculture year 2012-13(F),2013-14(F),2014-15(F)on base year 2011-12 have also been prepared during this period and being shown in the following graph-




### 3–वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण–

#### ✪वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2015–16

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2015–16 की रिपोर्ट प्रकाशित की गयी, जो विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

#### ✪वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2017–18

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2017–18 अन्तर्गत आलोच्य अवधि (जनवरी 2019 से मार्च 2019 तक) में कुल 3299 कारखानों के सापेक्ष 2658 काखानों का सर्वेक्षण, 1480 इकाईयों का परिनिरीक्षण व 780 सर्वेक्षित इकाईयों के आंकड़ों की डेटा इन्ट्री/वैलिडेशन का कार्य पूर्ण कराया गया।

### 4–राज्य आय

प्रभाग द्वारा "राज्य आय अनुमान, उत्तर प्रदेश 2011–12 से 2017–18"नामक पुस्तिका का प्रकाशन किया गया। साथ ही केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराये गये रीति विधायन का अनुसरण करते हुए तथा प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों एवं केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये लक्ष्य एवं उपलब्धि के अनन्तिम

आंकड़ों एवं सूचकांको का प्रयोग करके वर्ष 2018–19 के राज्य आय के अग्रिम अनुमान तथा वर्ष 2018–19 के द्वितीय त्रैमास (Q2)(जुलाई 18–सितम्बर 18) तथातृतीय त्रैमास (Q3)(अक्टूबर 18–दिसम्बर 18) के अनुमान प्रचलित एवं स्थायी(वर्ष 2011–12)भावो पर तैयार किये गये हैं।

**5–उ0प्र0 की आर्थिक समीक्षा**

प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक कार्यकलापों का विश्लेषण कर तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत करने हेतु अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष ''उ0प्र0 की आर्थिक समीक्षा'' नामक पुस्तिका प्रकाशित की जाती है। आलोच्य अवधि में ''उ0प्र0 की आर्थिक समीक्षा–2017–18'' को तैयार कर प्रकाशित किया गया है जिसमें 15 अध्यायों में राज्य की अर्थ व्यवस्था का विस्तृत विश्लेषण करने के साथ ही प्रमुख क्षेत्रों यथा जनांकिकी, कृषि एवं सम्वर्गीय सेवा, पशुधन मत्स्य एवं दुग्ध विकास, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, औद्योगिक प्रगति, सेवा क्षेत्र, अवस्थापना ऊर्जा एवं संचार, श्रमशक्ति एवं सेवा योजना, प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति, ग्राम्य विकास के कार्यक्रम तथा खनिज एवं विद्युत आदि से सम्बन्धित विश्लेषण किया गया है साथ ही सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों तथा प्रदेश में व्याप्त चुनौतियों एवं सरकार की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की गयी है। पत्रिका को विभागीय वेबसाईट www.updes.up.nic.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

आधार वर्ष 2011–12 पर राज्य आय के वर्ष 2018–19के द्वितीय त्रैमास (Q2)(जुलाई 18–सितम्बर 18) तथा तृतीय त्रैमास (Q3)(अक्टूबर 18–दिसम्बर 18) की वर्ष 2017–18 के तत्सम्बन्धी त्रैमास के सापेक्ष अनुमानित वृद्धि दर निम्नवत् है–

| Quarterly Estimates of State Income<br>Second Quarter(Q2)(July 2018 - Sep. 2018) and Third Quarter(Q3)(Oct.2018 - Dec.2018)<br>**Year 2018-19** | | | |
|---|---|---|---|
| Sl.No. | **Indicators** | **Q2 (GSVA)** | **Q3 (GSVA)** |
| **1-** | **Growth Rate (At Constant (2011-12) Prices)** | | |
| (a) | Primary Sector | 1.7 | 3.4 |
| (b) | Secondary Sector | 6.5 | 6.9 |
| (c) | Tertiary Sector | 7.5 | 7.6 |
| (d) | **GSDP** | **6.6** | **6.3** |

# Highlights Of Reports

**1. उ0प्र0 के आय–व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण**

आलोच्य अवधि में उ0प्र0 सरकार के आय–व्ययक वर्ष 2018–19 के अनुसार ''उ0प्र0 के आय–व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 2018–19'' का प्रकाशन किया गया जिसमें वर्ष 2016–17 के वास्तविक व्यय, वर्ष 2017–18 के पुनरीक्षित अनुमान तथा 2018–19 के आय–व्ययक अनुमान दर्शाये गये है। मुख्य निष्कर्ष इस प्रकार रहे :–

वर्ष 2018–19 के आय–व्ययक में विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के कार्य चालन व्ययों को छोड़कर राज्य सरकार का अनुमानित कुल व्यय 357901.81 करोड़ रूपये है जो वर्ष 2017–18 के पुनरीक्षित अनुमानों से 31174.20 करोड़ रूपये तथा वर्ष 2016–17 में वास्तविक व्यय से 79735.02 करोड़ रूपये अधिक है। अनुमानित कुल व्यय में से 178172.87 करोड़ रूपये अर्थात् 49.8 प्रतिशत सरकार का अन्तिम परिव्यय है। कुल व्यय का शेष भाग 179728.94 करोड़ रूपये अर्थात् 50.2 प्रतिशत अंश अन्तरण अदायगियां, वित्तीय निवेशों एवं ऋणों के रूप में शेष अर्थव्यवस्था को प्रदान करने के लिए अनुमानित है।

वर्ष 2018–19 में राज्य सरकार द्वारा शुद्ध पूंजी निर्माण अर्थात् स्थिर परिसम्पत्तियों तथा तालिकागत सामानों के भण्डार में वृद्धि 61322.44 करोड़ रूपये होने का प्राविधान है। राज्य सरकार द्वारा किये गये शुद्ध पूँजी निर्माण के अतिरिक्त राज्य की शेष अर्थव्यवस्था में शुद्ध पूँजी निर्माण के लिए 22879.75 करोड़ रूपये वित्तीय सहायता प्राप्त करने का प्राविधान है। इस प्रकार राज्य सरकार द्वारा अपने आय–व्यय सम्बन्धी साधनों से पूँजी निर्माण के लिए वर्ष 2018–19 में कुल मिलाकर 84202.19 करोड़ रूपये की व्यवस्था अनुमानित है।

राज्य सरकार के आय–व्ययक के आर्थिक वर्गीकरण को 5 मदों में बांटा गया है जिनका प्रतिशत वितरण निम्न सारिणी में दर्शाया गया है–

| मद / वर्ष | वास्तविक (2016–17) | पुनरीक्षित अनुमान (2017–18) | आय–व्ययक अनुमान (2018–19) |
|---|---|---|---|
| 1. खपत सम्बन्धी शुद्ध व्यय | 22.5 | 28.4 | 29.7 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. अन्तरण एवं अदायगियां | 53.7 | 54.3 | 50.8 |
| 3. पूंजी निर्माण | 17.4 | 14.2 | 15.5 |
| 4. पूंजी शेयरों में निवेश | 4.1 | 2.4 | 3.4 |
| 5. ऋण एवं अग्रिम | 2.3 | 0.7 | 0.6 |

राज्य सरकार के आय–व्ययक के कार्यात्मक वर्गीकरण को 8 मदों में प्रतिशत व्यय के रूप में दर्शाया गया है, जो निम्न प्रकार है–

| मद / वर्ष | वास्तविक (2016–17) | पुनरीक्षित अनुमान (2017–18) | आय–व्ययक अनुमान (2018–19) |
|---|---|---|---|
| 1. सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण | 7.1 | 6.7 | 6.8 |
| 2. स्वास्थ्य | 5.3 | 5.9 | 6.2 |
| 3. शिक्षा | 15.9 | 15.6 | 16.9 |
| 4. सामान्य सेवाएं | 20.0 | 20.0 | 20.5 |
| 5. आर्थिक सेवाएं | 28.9 | 27.9 | 24.5 |
| 6. अन्य सेवाएं | 15.6 | 14.8 | 15.8 |
| 7. सांस्कृतिक एवं धार्मिक सेवाएं | 0.7 | 1.0 | 0.6 |
| 8. आवास एवं सामुदायिक सेवाएं | 6.5 | 8.1 | 8.7 |


**2. उ0प्र0 में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान**

अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा उत्तर प्रदेश में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 1999–2000 से तैयार किये जा रहे हैं। यह अनुमान सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के लिये अलग–अलग तैयार किये जा रहे हैं। आलोच्य अवधि में वर्ष 2016–17 के अनुमान तैयार किये गये हैं।

उत्तर प्रदेश में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 2016–17 में सार्वजनिक क्षेत्र में 9079298 लाख रू0 अनुमानित किये गये है जो गत वर्ष 2015–16 के अनुमान 7236502 लाख रू0 से 25.47 प्रतिशत अधिक रहे।


इसी प्रकार निजी क्षेत्र में पूंजी निर्माण के वर्ष 2015–16 के अनुमान 11804518 लाख रू0 थे जो बढ़कर वर्ष 2016–17 में 13892911 लाख रू0 हो गये जो गत वर्ष से 17.69 प्रतिशत रहे। कुल सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 2015–16 में 19041020 लाख रू0 थे जो वर्ष 2016–17 में बढ़कर 22972209 लाख रू0 हो गये। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में 20.65 प्रतिशत वृद्धि रही। जिसका विवरण निम्नवत् है–

| **क्षेत्र** | **वर्ष 2016–17 (लाख रू0 में)** | **वर्ष 2015–16 (लाख रू0 में)** | **वर्ष 2016–17 में गत वर्ष से प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **सार्वजनिक क्षेत्र** | **1** | **2** | **3** |
| (i) प्रशासनिक | 4677465 | 3651372 | 28.10 |
| (ii) विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 470692 | 443184 | 6.21 |
| (iii) गैर विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 1289133 | 665884 | 93.60 |
| (iv) स्थानीय निकाय | 1282000 | 1164568 | 10.08 |
| (v) अधिक्षेत्रीय क्षेत्र (सुपरा–रीजनल) | 1360008 | 1311494 | 3.70 |
| **योग (सार्वजनिक क्षेत्र)** | **9079298** | **7236502** | **25.47** |
| **निजी क्षेत्र** | | | |
| (vi) पारिवारिक क्षेत्र | 11916481 | 11017431 | 8.16 |
| (vii) अधिक्षेत्रीय क्षेत्र (सुपरा–रीजनल) | 1976430 | 787087 | 151.11 |
| **योग (निजी क्षेत्र)** | 13892911 | 11804518 | 17.69 |
| **कुल योग** | 22972209 | **19041020** | **20.65** |




### 3. वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण : 2015—16


- वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2015—16 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के प्रतिचयन ढाँचे में कुल 15364 कारखाने पंजीकृत रहे जिसमें 3340 कारखाने गणना के तथा 1739 केन्द्रीय प्रतिदर्श हेतु चयनित थे। 5079 कारखानों का सर्वेक्षण भारत सरकार द्वारा किया गया। राज्य के सर्वेक्षण हेतु 3468 कारखाने चयनित किये गये।





- प्रदेश के प्रतिचयन ढाँचे के अनुसार कुल 15364 पंजीकृत कारखानों में से पश्चिमी क्षेत्र में 10968 कारखाने, केन्द्रीय क्षेत्र में 2817 कारखाने, पूर्वी क्षेत्र में 1452 कारखाने तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 127 कारखाने पंजीकृत पाये गये।
- NIC-2 अंकीय कोड के अनुसार सबसे अधिक 12.98 प्रतिशत अंश के साथ 1995 कारखाने खाद्य उत्पादों के विनिर्माण (NIC-10) में पंजीकृत पाये गये। फैब्रिकेटेड धातु उत्पादों का विनिर्माण (मशीनरी तथा उपस्कर के अतिरिक्त)(NIC-25) अन्य अधात्विक एवं खनिज उत्पादों के विनिर्माण (NIC-23) में क्रमशः 1333(8.68 प्रतिशत) व 1259 (8.19 प्रतिशत) व कारखानों का पंजीयन दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा।
- केन्द्र व राज्य के लिये चयनित व सर्वेक्षित 8547 कारखानों के सापेक्ष 6837 कारखाने कार्यरत पाये गये। उक्त के आधार पर राज्य में कुल 13628 कारखानें कार्यरत अनुमानित हुए।
- प्रदेश के समस्त उद्योगों में कुल आगत 3922814222 हजाऱ रूपये, निर्गत 4740132147 हजाऱ रूपये, सकल आवर्धित मूल्य 817317925 हजाऱ रूपये, मूल्य ह्रास 101027654 हजाऱ रूपये तथा शुद्ध आवर्धित मूल्य 716290271 हजाऱ रूपये रहा।
- आगत व निर्गत मूल्यों की दृष्टि से सर्वाधिक योगदान खाद्य उत्पाद के विनिर्माण (NIC-10) में क्रमशः 25.3 व 22.3 प्रतिशत रहा। द्वितीय स्थान पर कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक्स एवं आप्टिकल उत्पादों का विनिर्माण (NIC-26) में क्रमशः 9.0 व 8.9 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर मूल धातुओं का विनिर्माण (NIC-24) में क्रमशः 8.0 व 8.3 प्रतिशत का योगदान रहा।
- सकल आवर्धित मूल्य की दृष्टि से मूल धातुओं का विनिर्माण (NIC-24) में 77282083 हजाऱ रूपये (9.5 प्रतिशत) के साथ प्रथम स्थान पर, कम्प्यूटर,
- वर्ष 2015—16 में प्रदेश के औद्योगिक कारखानों में 202061478 हजार रूपये के विविध प्रकार के ईंधनों का उपभोग किया गया। विभिन्न प्रकार के उपभुक्त

इलेक्ट्रानिक्स एवं आप्टिकल उत्पादों का विनिर्माण (NIC-26) में 74723983 हजार रूपये (9.1 प्रतिशत) के साथ द्वितीय स्थान पर, तथा 68171856 हजार रुपये (8.3 प्रतिशत) के साथ रसायन तथा रसायन उत्पादों का विनिर्माण (NIC-20) तृतीय स्थान पर रहा।

- शुद्ध आवर्धित मूल्य की दृष्टि से मूल धातुओं का विनिर्माण (NIC-24) में 72271208 हजार रूपये (10.1 प्रतिशत) के साथ प्रथम स्थान पर, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक्स एवं आप्टिकल उत्पादों का विनिर्माण (NIC-26) में 68403289 हजार रूपये (9.5 प्रतिशत) के साथ द्वितीय स्थान पर, तथा 61790657 हजार (8.6 प्रतिशत) के साथ रसायन तथा रसायन उत्पादों का विनिर्माण (NIC-20) तृतीय स्थान पर रहा।
- राज्य के पंजीकृत कार्यरत कारखानों में कुल 795301 कार्मिक कार्यरत रहे जिसमें से सर्वाधिक 119617 (15.0 प्रतिशत) कर्मी खाद्य उत्पादों के विनिर्माण (NIC-10) में नियोजित रहे, तत्पश्चात चमड़ा एवं चमड़ा उत्पाद का विनिर्माण (NIC-15) में 12.9 प्रतिशत तथा पहनने के कपड़ों का विनिर्माण (NIC-14) में 9.8 प्रतिशत कर्मियों का नियोजन रहा। NIC कोड 38, 58, 74, 82, 95 व 96 में कर्मियों के नियोजन का प्रतिशत नगण्य पाया गया।
- वर्ष 2011–12 में प्रति कर्मचारी वार्षिक परिलब्धियों का औसत अंश 171.85 हजार रुपये रहा, वर्ष 2012–13 में 187.78 हजार रुपये तथा वर्ष 2013–14 में प्रति कर्मचारी वार्षिक परिलब्धियों का औसत अंश 202.02 हजार रुपये एवं वर्ष 2014–15 में प्रति कर्मचारी वार्षिक परिलब्धियों का औसत 230.80 अंश हजार रुपये रहा। वर्ष 2015–16 में प्रति कर्मचारी वार्षिक परिलब्धियों का औसत अंश 232.16 हजार रुपये रहा।




ईंधनों में सर्वाधिक अंश 53.62 प्रतिशत क्रय की गयी विद्युत का रहा। ईंधन के उपभोग में पेट्रोलियम का 14.07 प्रतिशत, गैस का 15.15 प्रतिशत कोयला का 7.52 प्रतिशत तथा अन्य ईधन का 9.65 प्रतिशत अंश पाया गया।




- राज्य के पंजीकृत उद्योगों में वित्तीय वर्ष 2015–16 में विनियोजित पूंजी 2065209144 हजार रूपये, उपभुक्त सामग्री 3078673515 हजार रूपये, कुल आगत 3922814222 हजार रूपये व कुल निर्गत 4740132147 हजार रूपये, उत्पादन का मूल्य 3987584056 हजार रूपये, सकल आवर्धित मूल्य 817317925 हजार रूपये, मूल्यह्रास 101027654 हजार रूपये तथा शुद्ध आवर्धित मूल्य 716290271 हजार रूपये, शुद्ध स्थाई पूँजी विनिर्माण का मूल्य 63801963 हजार रूपये, सकल स्थाई पूँजी विनिर्माण का मूल्य 164829617 हजार रूपये एवं सकल पूँजी निर्माण 196287890 हजार रूपये अनुमानित हुआ।
- गत वर्ष के सापेक्ष कुल विनियोजित पूँजी में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि, कुल आगत में 3.2 प्रतिशत, कुल निर्गत मूल्य में 3.5 प्रतिशत, उत्पादन का मूल्य में 7.8 प्रतिशत, सकल आवर्धित मूल्य में 5.7 प्रतिशत, मूल्यह्रास में 5.4 प्रतिशत, व शुद्ध आवर्धित मूल्य में 5.7 प्रतिशत, शुद्ध स्थाई पूँजी विनिर्माण के मूल्य में 15.8 प्रतिशत एवं सकल स्थाई पूँजी विनिर्माण के मूल्य में 9.2 प्रतिशत की सकरात्मक वृद्धि प्रदर्शित हुई। उपभुक्त सामग्री में 0.68 प्रतिशत की कमी प्रदर्शित हुई है।

## भारत सरकार एवं राज्य सरकार की रिपोर्ट के प्रमुख मदों के तुलनात्मक आँकड़े

| क्र0सं0 | मद | राज्य सरकार वा0उ0स0 2014–15(मूल्य हजार रू0 में) | भारत सरकार वा0उ0स0 (उ0प्र0 से सम्बन्धित) 2015–16 (मूल्य | राज्य सरकार वा0उ0स0 2015–16 (मूल्य हजार | गतवर्ष (2014–15) के सापेक्ष वृद्धि / कमी | भारत सरकार के सापेक्ष वृद्धि / कमी |
|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हजार रू0 में) | रू0 में) | का प्रतिशत | का प्रतिशत |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंजीकृत कारखानों की संख्या | 14952 | 15364 | 15364 | 2.8 | 0 |
| 2 | अनुमानित कारखानों की संख्या | 12198 | 12585 | 13628 | 11.7 | 8.3 |
| 3 | विनियोजित पूँजी | 1818832083 | 1945992700 | 2065209144 | 13.5 | 6.1 |
| 4 | उपभुक्त सामग्री | 3099661579 | 2702584100 | 3078673515 | -0.7 | 13.9 |
| 5 | कुल आगत | 3801870173 | 3634568700 | 3922814222 | 3.2 | 7.9 |
| 6 | कुल निर्गत | 4575295734 | 4281363700 | 4740132147 | 3.6 | 10.7 |
| 7 | उत्पादन का मूल्य | 3700397450 | 3623060500 | 3987584056 | 7.8 | 10.1 |
| 8 | सकल आवर्धित मूल्य GVA | 773425558 | 646795000 | 817317925 | 5.7 | 26.4 |
| 9 | मूल्य ह्रास | 95812488 | 98257200 | 101027654 | 5.4 | 2.8 |
| 10 | शुद्ध आवर्धित मूल्य NVA | 677613070 | 548537800 | 716290271 | 5.7 | 30.6 |
| 11 | **समस्त कर्मचारी(संख्या)** | 908210 | 936434 | 1031737 | 13.6 | 10.2 |
| 11.1 | कर्मी (संख्या) | 701294 | 730630 | 795301 | 13.4 | 8.9 |
| 11.2 | पर्यवेक्षकीय एवं प्रबन्धकीय कर्मचारी वर्ग (संख्या) | 92535 | 90684 | 98933 | 6.9 | 9.1 |
| 11.3 | अन्य कर्मचारी(संख्या) | 114381 | 115120 | 137503 | 20.2 | 19.4 |
| 12 | कुल परिलब्धियॉ कर्मी | 81526777 | 77973800 | 93522593 | 14.7 | 19.9 |
| 13 | कुल परिलब्धियॉ समस्त कर्मचारी | 209620559 | 196913700 | 239524466 | 14.3 | 21.6 |
| 14 | प्रति कर्मचारी वार्षिक परिलब्धियॉ | 230.8 | 210.3 | 232.2 | 0.6 | 10.4 |
| 15 | **कुल ईधन** | 213284723 | 192880807 | 202061478 | -5.3 | 4.8 |
| 15.1 | कोयला मूल्य | 20431858 | 14845386 | 15189436 | -25.7 | 2.3 |
| 15.2 | विद्युत क्रय मूल्य | 88237116 | 101218736 | 108342400 | 22.8 | 7.0 |
| 15.3 | पेट्रोलियम उत्पाद | 31734702 | 29472425 | 28423590 | -10.4 | -3.6 |
| 15.4 | अन्य ईधन | 72881047 | 47344260 | 50106052 | -31.2 | 5.8 |

**4. उत्तर प्रदेश में ''उत्तर प्रदेश में घरेलू पर्यटन पर व्यय''(जुलाई 2014–जून 2015)**

- राज्य की कुल 1372 आवंटित इकाइयों (780 ग्रामीण इकाई तथा 592 नगरीय इकाई) के सापेक्ष 1371 (नगरीय क्षेत्र की एक इकाई वायुसेना प्रतिबंधित क्षेत्र में आने के कारण जीरो केस थी) इकाइयों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के अन्तर्गत कुल 13710 प्रतिदर्श परिवार (7800 ग्रामीण क्षेत्र में तथा 5910 नगरीय क्षेत्र में) चयनित थे।
- राज्य के कुल 1842.43 लाख व्यक्ति अनुमानित हुए जिनमें से 1459.66 लाख व्यक्ति ग्रामीण तथा 382.76 लाख व्यक्ति नगरीय क्षेत्र में थे।
- राज्य में कुल 348.32 लाख परिवार अनुमानित हुए, जिनमें से 271.42 लाख परिवार ग्रामीण क्षेत्र में तथा 76.90 लाख परिवार नगरीय क्षेत्र में पाये गये।
- राज्य में अनुमानित औसत परिवार का आकार 5.29 था जबकि ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में यह क्रमशः 5. 38 एवं 4.98 पाया गया।
- राज्य में कुल अनुमानित परिवारों में से कम से कम एक ओवर नाइट ट्रिप करने वाले घरेलू विजिटर की कुल संख्या 144.88 लाख अनुमानित हुई ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में यह क्रमशः 110.95 लाख तथा 33.93 लाख पायी गयी।
- राज्य में 275.00 लाख (14.93 प्रतिशत) ओवरनाइट ट्रिप करने वाले घरेलू विजिटर अनुमानित हुए। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में यह क्रमशः 196.92 लाख (13.49 प्रतिशत) तथा 78.08 लाख (20.40 प्रतिशत) पाये गये।
- राज्य में सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों के दौरान 88.60 लाख ओवरनाइट ट्रिप अनुमानित हुई। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में यह क्रमशः 61.28 लाख तथा 27. 32 लाख थीं।
- राज्य में सर्वेक्षण अवधि से पिछले 30 दिनों के दौरान 70.05 लाख ओवरनाइट ट्रिप की गयी। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में यह क्रमशः 57.35 लाख तथा 12.70 लाख थीं।
- राज्य में सामाजिक समूह अनुसार सर्वेक्षण अवधि से
- सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों/30 दिनों के दौरान ग्रामीण तथा नगरीय दोनों ही क्षेत्रों में किसी भी प्रयोजन के लिये की गयी ट्रिप के दौरान मुख्य ठहरने का प्रकार मित्र एवं सम्बन्धियों का आवास था।
- सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों के दौरान 'राज्य के भीतर' विभिन्न लीडिंग उद्देश्यों में परिवारों द्वारा किये गये ओवरनाइट ट्रिप में विजिटर्स उद्देश्य मुख्यतः 'छुट्टी बिताना, विश्राम एवं मनोरंजन' का प्रतिशत सर्वाधिक 57.3 रहा। इस प्रकार सर्वेक्षण अवधि

विगत 365 दिनों के दौरान अधिकतम ओवरनाइट ट्रिप 'अन्य पिछड़ा वर्ग' के परिवारों (49.90 प्रतिशत) द्वारा की गयी। ग्रामीण तथा नगरीय दोनों ही क्षेत्रों में अधिकतम ओवरनाइट ट्रिप 'अन्य पिछड़ा वर्ग' के परिवारों के द्वारा ही की गयी, परिवारों का प्रतिशत क्रमशः 51.2 तथा 45.5 था।

- राज्य में कुल 67 प्रतिशत एक दिवसीय ट्रिप (same day trip) सामाजिक तथा खरीददारी जैसे उद्देश्य हेतु की गयी। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में सामाजिक कारणों हेतु की गयी एक दिवसीय ट्रिप का प्रतिशत क्रमशः 35.3 तथा 36.3 अनुमानित हुआ। जबकि खरीददारी हेतु की गयी एक दिवसीय ट्रिप का प्रतिशत क्रमशः 32.0 तथा 28.7 अनुमानित हुआ।
- राज्य में सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों के दौरान ट्रिप के प्रमुख उद्देश्यों में से 'अवकाश, विश्राम एवं मनोरंजन', 'स्वास्थ्य एवं चिकित्सा' एवं 'खरीददारी' जैसे उद्देश्यों हेतु प्रति 100 परिवारों में 25 ओवरनाइट ट्रिप की गयी। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रो में यह क्रमशः 23 तथा 36 अनुमानित हुईं।
- राज्य में सर्वेक्षण अवधि से पिछले 30 दिनों के दौरान ट्रिप के प्रमुख उद्देश्यों मे से 'व्यापार', 'सामाजिक', 'धार्मिक एवं तीर्थयात्रा', 'शिक्षा एवं प्रशिक्षण' तथा 'अन्य' हेतु प्रति 100 परिवारों में 62 ओवरनाइट ट्रिप की गयी। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में यह क्रमशः 55 तथा 81 अनुमानित हुईं।
- धार्मिक समूह अनुसार राज्य में सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों के दौरान ओवरनाइट ट्रिप करने वाले परिवारों में सर्वाधिक (83.2 प्रतिशत) परिवार 'हिन्दू' धर्म, जबकि न्यूनतम (0.1 प्रतिशत) 'इसाई' धर्म को मानने वाले परिवारों का रहा।
- सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों/30 दिनों के दौरान ग्रामीण तथा नगरीय दोनों क्षेत्रों में ट्रिप का प्रमुख साधन 'बस' था। सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों के दौरान ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र के क्रमशः 59.1 प्रतिशत तथा 45 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा ट्रिप हेतु बस सेवा ली गयी। जबकि सर्वेक्षण अवधि से पिछले 30 दिनों के दौरान ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में क्रमशः 68.7 प्रतिशत तथा 64.7 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा ट्रिप बस द्वारा की गयी।

से पिछले 30 दिनों के दौरान राज्य के भीतर परिवारों द्वारा विभिन्न लीडिंग उद्देश्यों हेतु किये गये ओवर नाइट ट्रिप में विजिटर्स उद्देश्य मुख्यतः सामाजिक (74.7 प्रतिशत) रहा।

- सर्वेक्षण अवधि से पिछले 365 दिनों में प्रति ओवरनाइट ट्रिप पर ग्रामीण क्षेत्र में औसत व्यय रू. 7418 रहा तथा नगरीय क्षेत्र में औसत व्यय रू. 4804 पाया गया।
- सर्वेक्षण अवधि से पिछले 30 दिनों में ट्रिप के प्रमुख उद्देश्य के अनुसार प्रति ओवरनाइट ट्रिप पर ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र का औसत व्यय रू. 2276 व रू. 2419 रहा।
- सर्वेक्षण अवधि से पिछले 30 दिनों में प्रमुख उद्देश्य के अनुसार एक दिवसीय ट्रिप पर ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में औसत व्यय रू. 1117 व रू. 1442 अनुमानित हुआ।

## ✓Training/Seminar

अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ0प्र0 के अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गयाः—

✪विषय—"Filling the Crops Monitoring Social SDG Indicators in India"
अवधि— दिनांक 22—25 फरवरी, 2019
स्थान—हैदराबाद
संस्थान का नाम—यूनिसेफ तथा सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

✪विषय— "Training Of Trainers on "SDG Reporting"
अवधि— दिनांक 13—15 मार्च 2019
स्थान—गुवाहाटी
संस्थान का नाम— नीति आयोग एवं यूनाईटेड नेशन्स द्वारा संयुक्त रूप से India Habitat Centre, New Delhi में आयेजित।

✪विषय—National Workshop for preparation of 7th EC Field work.
अवधि— दिनांक 17.01.2019
स्थान—नई दिल्ली
संस्थान का नाम— सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

✪विषय— सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार। Demonstration of IT application developed for supervision, Finalize modalities of field supervision by state DES and other officials & Discuss and finalize the state-wise strategy for the 7th EC.
अवधि— दिनांक 13.03.2019
स्थान—नई दिल्ली
संस्थान का नाम— सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार।

✪ विषय— राज्य स्तरीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला
अवधि— दिनांक 18.01.2019
स्थान—भुवनेश्वर
संस्थान का नाम— केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार।

## ✓Personnel

**पदोन्नतिः—**

✪शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.03.2019 द्वारा श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय, अपर निदेशक की निदेशक के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया।

**समयमान वेतनमान/वित्तीय स्तरोन्नयनः—**

✪शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 18.02.2019 द्वारा 02 संयुक्त निदेशको को 26 वर्ष की सेवा पर तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

✪प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.03.2019 द्वारा 16 अपर सांख्यिकीय अधिकारियों को 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

✪प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.03.2019 द्वारा 03 अपर सांख्यिकीय अधिकारियों को 16 वर्ष की सेवा पर द्वितीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

✪प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.03.2019 द्वारा 03 चतुर्थ श्रेणी कार्मिको को 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

✪प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.03.2019 द्वारा 01 चतुर्थ श्रेणी कार्मिको को 16 वर्ष की सेवा पर द्वितीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

✪प्रभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.03.2019 द्वारा 02 चतुर्थ श्रेणी कार्मिको को 26 वर्ष की सेवा पर तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

**सेवानिवृत्तिः—**

**प्रभाग में 09 सेवा निवृत्त कार्मिकों की स्थिति निम्न प्रकार हैः—**

**✪02 अर्थ एवं संख्याधिकारी**

☛श्री राकेश कुमार शुक्ला, जनपद बलरामपुर दिनांक 28.02.2019

☛ श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव, उच्च शिक्षा जनपद इलाहाबाद दिनांक 31.03.2019

**✪ 01 अपर सांख्यिकीय अधिकारी**

☛श्री खेमपाल सिंह गंगवार, जनपद बरेली, दिनांक 31.01.2019

**✪02 सहायक सॉख्यिकीय अधिकारी**

☛श्री राजकुमार वर्मा, जनपद उन्नाव, दिनांक 31.01.2019

☛श्री गोपाल चन्द्र कुशवाहा जनपद महोबा, दिनांक 31.03.2019

**02 वरिष्ठ सहायक**

☛श्री अमरनाथ, वरिष्ठ सहायक जनपद बलिया दिनांक 31.01.2019

☛श्रीमती मीना श्रीवास्तव जनपद शाहजहांपुर दिनांक 28.02.2019

✪शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.03.2019 द्वारा 12 उप निदेशको को 26 वर्ष की सेवा पर तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

✪शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08.03.2019 द्वारा 18 अर्थ एवं संख्याधिकारियों को 16 वर्ष की सेवा पर द्वितीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ स्वीकृत किया गया।

**✪02 वाहन चालक**

☛श्री लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, वाहन चालक, जनपद कन्नौज दिनांक 31.03.2019

☛श्री कृष्ण गोपाल वर्मा, वाहन चालक, प्रभाग मुख्यालय दिनांक 28.02.2019 को स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति

**✪01 चपरासी**

☛श्रीमती गोमती देवी, चपरासी जनपद फतेहपुर दिनांक 31. 01.2019

# *Current Statistics*

| Statistics of UP at a Glance 2018-2019 | | | |
|---|---|---|---|
| Sl.No. | **Indicators/Item** | **2017-18** | **2018-19** |
| | | **(QE)** | **(AE)** |
| **1-** | **Growth Rate GSVA(At Constant Prices)** | | |
| (a) | Primary Sector | 7.8 | 3.5 |
| (b) | Secondary Sector | 3.7 | 5.9 |
| (c) | Tertiary Sector | 8.3 | 7.8 |
| (d) | GSDP | 7.0 | 6.5 |
| **2-** | **Sectoral Composition of GSVA(At current Prices)** | | |
| (a) | Primary Sector | 27.0 | 26.9 |
| (b) | Secondary Sector | 25.0 | 24.3 |
| (c) | Tertiary Sector | 48.0 | 48.8 |
| **3-** | **GSDP(At current prices) (in Cr. Rs.)** | 1376324 | 1542432 |
| **4-** | **Per Capita Income (At Current Prices) (in Rs.)** | 55456 | 61351 |

QE- Quick Estimates, AE-Advance Estimates.

# ***Price Indices***

**(BASE YEAR 2011-12)**

| Sl. No. | Item | Period | Index | Period | Index |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agriculture Parity Index | 2016-17(P) | 110.29 | 2017-18(P) | 111.63 |
| 2 | Wholesale Price Index | Jul-Sep 2018 | 145.90 | Oct-Dec 2018 | 146.29 |
| 3 | Consumer Price Index - Rural | Jul-Sep 2018 | 162.95 | Oct-Dec 2018 | 162.74 |
| 4 | Consumer Price Index - Urban | Jul-Sep 2018 | 155.14 | Oct-Dec 2018 | 154.97 |
| 5 | Rural Wage Index for Carpenter | Jul-Sep 2018 | 182.86 | Oct-Dec 2018 | 185.22 |
| 6 | Rural Wage Index for Mason | Jul-Sep 2018 | 175.75 | Oct-Dec 2018 | 178.15 |
| 7 | Rural Wage Index forAgriculture Labour | Jul-Sep 2018 | 187.98 | Oct-Dec 2018 | 191.47 |
| 8 | Urban Wage Index for Carpenter | Jul-Sep 2018 | 171.28 | Oct-Dec 2018 | 173.81 |
| 9 | Urban Wage Index for Mason | Jul-Sep 2018 | 167.46 | Oct-Dec 2018 | 170.5 |
| 10 | Urban Wage Index for Unskilled Labour | Jul-Sep 2018 | 175.31 | Oct-Dec 2018 | 177.59 |

# *Index Of Industrial Production*

## (Base Year 2011-12)

| SI. NO. | Item | Period | Index | Period | Index | Period | Index | Period | Index |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Index Of Industrial Production:Annual | 2017-18 | 118.08 | | | - | - | - | - |
| 2 | Index Of Industrial Production:Quarterly | Quarter June'2017(F) | 112.20 | Quarter September' 2017(F) | 112.23 | Quarter December 2017(F) | 120.70 | Quarter March '2018(F) | 127.25 |
| 3 | Index Of Industrial Production:Quarterly 2018-19 | Quarter June'2018(P) | 122.11 | Quarter September' 2018(P) | 119.23 | Quarter December 2017(P) | 128.23 | - | - |
| 4 | Index Of Industrial Production:Monthly | Oct' 2017(F) | 112.00 | Oct.' 2018(P) | 126.51 | - | - | - | - |
| 5 | Index Of Industrial Production:Monthly | Nov.'2017(F) | 116.92 | Nov.'2018(P) | 120.76 | - | - | - | - |
| 6 | Index Of Industrial Production:Monthly | Dec.'2017(F) | 133.19 | Dec.'2018(P) | 137.43 | - | - | - | |
| 7 | Index Of Industrial Production:Monthly | Jan. 2018(F) | 129.63 | Jan. 2019(Q) | 140.18 | - | - | - | |
| 8 | Agriculture Volume Index | 2012-13(F) | 106.33 | 2013-14(F) | 104.93 | 2014-15(F) | 98.10 | - | - |
| 9 | Agriculture Value Index | 2012-13(F) | 121.30 | 2013-14(F) | 130.14 | 2014-15(F) | 130.07 | - | - |
| 10 | Agriculture Volume Index | 2015-16(F) | 104.82 | 2016-17(P) | 115.01 | 201-18(Q) | 128.08 | - | - |
| | Agriculture Value Index | 2015-16(F) | 140.96 | 2016-17(P) | 155.91 | 201-18(Q) | 177.59 | - | - |
| Q-Quick Estimates, P-Provisional Estimates,F -Final Estimates | | | | | | | | | |

# PHOTO SECTION




दिनांक 18.01.2019 को भुवनेश्वर में राज्य स्तरीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला



राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण 77वीं आवृत्ति प्रशिक्षकों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण
दिनांक 14 व 15 जनवरी, 2019

# Statistics/Reports/Publications On The Departmental Website

## *http://updes.up.nic.in/*

**Publications**

- Statistical Diary 2017
- Statistical Abstract 2017
- News Letter (April to June 2018)
- News Letter (July to September 2018)
- News Letter (October to December 2018)
- Arthik Samiksha (2017-18)
- Varshik Prativedan (2017-18)
- Inter-district comparative Statistics 2017

**Press Release**

- Press Release of Quick Estimates of State Income (2011-12 to 2016-17) Dated 02 Jan 2019
- Press Release of Quaterly Estimates of State Income for Second Quarter (Q2) (Jul 18-Sept 18) (Base Year 2011-12) Dated 23 Jan. 2019
- Press Release of Advance Estimates of State Income for Year 2018-19 (Base Year 2011-12) Dated 20 Feb. 2019

**Reports**

- Report on Expenditure for Domestic Tourism in Uttar Pradesh (NSS 72 sch 21.1)
- Report on Situation Assessment of Agricultural Households in Uttar Pradesh (NSS 70 sch 33)
- Report on on Social Consumption 'Education' in Uttar Pradesh (NSS 71 sch 25.2)
- Annual Survey of Industries 2015-16

**Statistics**

- Monthly Index of Industrial Production (18-19) (Base Year 2011-12) (April 18 to Oct18)
- Monthly Index of Industrial Production (18-19) (Base Year 2011-12) (April 18 to Oct18) (used based)
- Quarterly Index of Industrial Production (18-19) (Base Year 2011-12) (Q June & QSept)
- Quarterly Index of Industrial Production (18-19) (Base Year 2011-12) (Q June & QSept) (use based)
- Final Agriculture Value Index 2017-18 (base year 2011-12)
- Final Agriculture Volume Index 2017-18 (base year 2011-12)
- Monthly Index of Industrial Production (18-19) (Base Year 2011-12) (April 18 to Oct18) Dec. 19
- Monthly Index of Industrial Production (18-19) (Base Year 2011-12) (April 18 to Oct18) Dec. 19 (use based)

***DIRECTORATE OF ECONOMICS AND STATISTICS,***
***ARTH EVAM SANKHYA BHAWAN,***
***9, SAROJINI NAIDU MARG,***
***(Post Box no.:-113)***
***LUCKNOW-226001***
***http://updes.up.nic.in***

***Phone: 0522- 2238969, Fax: 0522-2238965***
***Email-id:-upesd@up.nic.in ;coordesd@up.nic.in***